a meeting was convened by Home Minister on 5.6.1995 in which Minister of Urban Affairs & Employment, Lt. Governor. Delhi, Chief Secretary GNCTD, Special Secretary, Ministry of Home Affairs and Senior Officers of this Ministry participated. In the meeting issues relating to the composition of the Delhi Development Authority and the Structure and mandate of DDA were discussed.

**महात्मा गांधी की 125वीं जयंती**

1237. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रपित महात्मा गांधी की 125वीं जयन्ती के अवसर पर गांधी दर्शन एवं गांधी अध्ययन हेतु कोई विशेष योजना बनाई है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा इस वर्ष इस प्रयोजन के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है,

(ग) देश में किन-किन विश्वविद्यालयों में गांधी विचार केन्द्र अथवा गांधी अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है, और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) और (ख) महात्मा गांधी की 125 वीं जयन्ती के संबंध में, वर्तमान व्यवस्था के गांधीवादी विकल्पों पर अभिनव अध्ययन करने हेतु गांधीवाद पर कुछेक शिक्षावृत्तियां प्रारंभ करने के लिए कदम उठाए गए हैं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दो गांधी-पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया है और वर्तमान विभागो/गांधी अध्ययन केन्द्रों को सुद्दढ़ करने और उनकी पुनसंरचना करने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की है । राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने नाठ्यक्रम में कुछ प्रमुख गांधीवादी विचारों को शामिल करने के संबंध में अध्ययन पूरा किया है । शिक्षा विभाग ने एक स्कीम को अंतिम रूप दिया हैं कि जिसके अंतर्गत लगभग 500 गांधीवादी अध्येता अगले 2-3 माह के दौरान विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं का दौरा करेंगे जहां से महात्मा गांधी के विभिन्न पहलुओं के संबंध में व्याख्यान देंगे और वार्ताएं, सेमिनार, इत्यादि आयोजित करेंगे ।

(ग) देश के जिन विश्वविद्यालयों में गांधी केन्द्र खोले गए हैं उनके नाम निम्नलिखित है :-

1. टी. एस. भागलपुर विश्वविद्यालय
2. नागपुर विश्वविद्यालय
3. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
4. श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
5. मदुरई कामराज विश्वविद्यालय
6. पंजाब विश्वविद्यालय
7. राजस्थान विश्वविद्यालय
8. कर्नाटक विश्वविद्यालय
9. अन्ना विश्वविद्यालय
10. मद्रास विश्वविद्यालय
11. इलाहाबाद विश्वविद्यालय
12. दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय
13. डा0 अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय
14. काशी विश्वविद्यालय
15. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
16. बंगलौर विश्वविद्यालय
17. गुजरात विद्यापीठ

निम्नलिखत विश्वविद्यालयों में गांधी भवन है :-

1. इलाहाबाद विश्वविद्यालय 2. कर्नाटक विश्वविद्यालय 3. मैसूर विश्वविद्यालय 4. पंजाब विश्वविद्यालय 5. राजस्थान विश्वविद्यालय 6. गुजरात विद्यापीठ 7. बंगलौर विश्वविद्यालय 8. दिल्ली विश्वविद्यालय ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान की गई है।

(घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

**Subsidy on Fertilizers**

1238. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Rs. 6,000 crores subsidy on fertilizers has been announced by the Commerce Minister;

(b) whether it is also a fact that the benefit of this subsidy will be granted to the fertilizers plants which are running in losses; and

(c) whether this subsidy will be granted on all the fertilizers or on any specific grade or brand of the fertilizers; if so, the details thereof?